राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान, जयपुर
(जी.3 राजमहल रेजीडेन्शियल ऐरिया,सिविल लाईन फाटक, 22 गोदाम जयपुर)
टेलीफैक्स 0141–2222403, ईमेल–dlb.lsg@rajasthan.gov.in

क्रमांकः–प.1(ग)( )का/एस.एम.ई–3/डी.एल.बी./स.भर्ती/24/02

दिनांकः– 01/03/2024

सफाई कर्मचारी पद की सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 1/2024

राजस्थान नगरपालिका (सफाई कर्मचारी सेवा) नियम, 2012 के अन्तर्गत राज्य की 186 नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारियों के कुल 24797 रिक्त पदों पर निकायवार सीधी भर्ती हेतु इच्छुक, निर्धारित योग्यताधारी अभ्यर्थियों से ऑन लाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये जाते है। सफाई कर्मचारी पद हेतु योग्यता, रिक्त पदों की संख्या, आवेदन प्रक्रिया, आवेदन शुल्क एवं निकायवार पदों का विवरण तथा अन्य विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट https://lsg.urban.rajasthan.gov.in/ पर उपलब्ध है। उक्त पदों हेतु अर्हता, आयु सीमा व अन्य विवरण निम्नानुसार है :–

आयु सीमा	दिनांक 01.01.2025 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम।
आवेदन अवधि	दिनांक 04.03.2024 से दिनांक 24.03.2024 रात्रि 23:59 बजे तक। **जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में विज्ञापन संख्या 01/2023 दिनांक 09.06.2023 के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन किया जा चुका है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। आवेदन हेतु अभ्यर्थी अपना जनाधार कार्ड अपडेट रखें।**
आवेदन में संशोधन अवधि	ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा की गई त्रुटियों में दिनांक 27.03.2024 से दिनांक 02.04.2024 रात्रि 23:59 बजे तक संशोधन किया जा सकता है।
अर्हता एवं अनुभव	अभ्यर्थी राजस्थान का मूल निवासी हो, एवं अभ्यर्थी को राज्य की किसी भी नगरीय निकाय, केन्द्र अथवा राज्य के किसी भी विभाग, केन्द्र अथवा राज्य सरकार के आदेश द्वारा संस्थापित स्वायत्तशाषी संस्था/अर्द्धसरकारी संस्थान में संवेदकों, प्लेसमेन्ट एजेन्सियों या निजी संस्थान जैसे कि स्कूलों, कॉलेजों, हॉस्पिटलों, होटलों, फैक्टरियों या घर, दुकानों, मॉल या कोई अन्यत्र स्थानों पर नियमित रूप से सफाई कार्य करने का न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र आवेदन की अंतिम दिनांक तक आवश्यक है। विधवा एवं तलाकशुदा महिला को प्राथमिकता दी जावेगी।
चयन प्रक्रिया	नगरीय निकायवार विज्ञापित पदों हेतु पात्र अभ्यर्थियों का चयन निकाय स्तर पर लॉटरी प्रक्रिया एवं प्रायोगिक परीक्षा के माध्यम से किया जावेगा।

(सुरेश कुमार ओला)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

RajKaj Ref
5903704

Signature valid
Digitally signed by Suresh Kumar Ola
Designation : Director
Date: 2024.03.01 19:58:37 IST
Reason: Approved